सं. 24011/01/2016-स्था.(ख)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली, दिनांक : 17 अक्तूबर, 2017

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय : प्रतिनियुक्ति आधार पर 10,000/-रुपए ग्रेड वेतन सहित वेतनमान पीबी-4, 37,400-67,000/-रुपए में (संशोधन-पूर्व) सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग (एससीसी), नई दिल्ली (संयुक्त सचिव स्तर) के पद को भरा जाना।**

ग्रेड वेतन 10,000/-रुपए सहित वेतनमान पीबी-4, 37,400-67,000/-रुपए में (संशोधन पूर्व) सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग (एससीसी), मुख्यालय, नई दिल्ली में एक पद को भरा जाना प्रस्तावित है। योग्यता संबंधी मानदंड **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

2. केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदन पर ही विचार किया जाएगा जिन्हें उचित माध्यम के जरिए भेजा गया हो और जिनके साथ (i) **अनुलग्नक-II** में दिए गए प्रोफार्मा में जीवनवृत्त (बायोडाटा); (ii) अधिकारी के अद्यतन एपीएआर डोजियर की स्पष्ट फोटोकॉपी जिसमें कम से कम पांच वर्षों की एपीएआर उपलब्ध हो जिसे समूह 'क' अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित किया गया हो (यदि मूल एपीएआर को भेजा न जा सके) ; (iii) विगत पांच वर्षों के दौरान एपीएआर में दी गई ग्रेडिंग को दर्शाते हुए एक सत्यापित विवरण (iv) संवर्ग अनापत्ति; (v) सतर्कता एवं अनुशासनात्मक दृष्टिकोण से अनापत्ति; और (vi) विगत दस वर्षों के दौरान छोटी एवं बड़ी शास्तियों, यदि कोई हो, के ब्यौरे सहित विवरण शामिल हों।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों तथा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से यह अनुरोध है कि वे विहित प्रोफार्मा में इच्छुक एवं पात्र अधिकारी के आवेदनों को **श्री वेद प्रकाश सिंह, अनुभाग अधिकारी (स्था.ख-1), कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग), कमरा सं. 215-सी, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली - 110001 को अग्रेषित करें, ताकि यह आवेदन 30 नवम्बर, 2017 तक अथवा उससे पहले इस कार्यालय में पहुंच सके।**

4. केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदनों को ही अग्रेषित किया जाए, जो चयन हो जाने की स्थिति में पद का कार्यभार तुरंत ग्रहण कर सकें और जिन्हें संबंधित प्राधिकरण द्वारा तुरंत कार्यमुक्त किया जा सके। एक बार आवेदन करने के पश्चात उसे वापस लिए जाने की अनुमति नहीं होगी। निर्धारित तारीख के पश्चात प्राप्त अथवा अपेक्षित प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों के बिना भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

एन श्रीरामन

**(एन. श्रीरामन)**

**निदेशक**

दूरभाष सं. 23094637

सेवा में

(i) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव (नाम से)

(ii) सभी राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव (नाम से)

**(iii)** तकनीकी निदेशक, एनआईसी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को इस विभाग की वेबसाइट पर 'नया क्या' और (वाट्स न्यू) 'सिक्ति अधिसूचना' शीर्ष के अंतर्गत इस परिपत्र को तुरंत अपलोड करने हेतु।

**सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली के पद के लिए पात्रता मानदंड**

1. **पद का नाम** : सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली।
2. **वेतनमान** : पीबी-4 के वेतनमान में 10,000/- रू. (संशोधन पूर्व) के ग्रेड वेतन सहित 37,400 /-रु.-67,000/-रु.
3. **पात्रता** : केन्द्र सरकार के अधिकारी (अखिल भारतीय सेवाओं और केन्द्रीय समूह 'क' सेवाओं के अधिकारियों सहित)

**(क)** (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों;

**अथवा**

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में पीबी-4 के वेतनमान में, 8700/-रु.(संशोधन पूर्व) के ग्रेड वेतन सहित 37,400/-रु.-67,000/-रु. में नियममित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की हो; और

**(ख)** आधोलिखित शैक्षिक अर्हताओं और अनुभव रखता हो :-

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्था से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।

(ii) सेवा, प्रशासनिक, सतर्कता, स्थापना और वित्तीय मामलों से जुड़े कार्यों में 10 वर्ष का अनुभव।

4. **प्रतिनियुक्ति की अवधि** : कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य के पद पर नियुक्ति के समय ऊपरी आयु सीमा 59 वर्ष होगी और वह पांच वर्ष की अवधि अथवा उनके 62 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक, जो भी पहले हो, के लिए पद धारित करेगा बशर्ते कि यदि किसी ऐसे सेवारत अधिकारी को सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग के रूप में नियुक्त किया जाता है, जो पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के पूर्व ही अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होगा, तब उसे 62 वर्ष की ऊपरी आयु सीमा के अधीन कार्यकाल की शेष अवधि के लिए पुन: नियोजन पर होना समझा जाएगा।

5. **आयु सीमा** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदनों के प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक की स्थिति के अनुसार 59 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

अनुलग्नक-II

हाल ही की पासपोर्ट आकार की फोटोप्रति

## प्रपत्र

1. नाम और पता (बड़े अक्षरो में)
2. सेवा, जिससे संबंधित हैः
3. जन्म तारीख और उम्र (दिनांक 30.11.2017 की स्थिति के अनुसार)
4. केन्द्र सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीखः
5. शैक्षणिक योग्यता- स्नातक/स्नातकोत्तर स्तरः
6. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित हैः
7. कृपया वर्तमान धारित पद के संबंध में का निम्नलिखित ब्यौरा दें-

   (क) वर्तमान धारित पद एवं उसकी तारीखः

   (ख) क्या नियमित/तदर्थ हैं:

   (ग) वेतनमानः

   (घ) वर्तमान मूल वेतनः
8. कृपया विनिर्दिष्ट करें कि आप किस तरह निर्धारित योग्यताओं को पूरा करते हैः

   (i) क्या आप मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण कर रहे हैं (कृपया स्पष्ट रूप से हां अथवा नहीं का उल्लेख करें; ब्यौरा नीचे दी गई तालिका में दिया जाना है)

   (ii) क्या आपने मूल संवर्ग अथवा विभाग में पीबी-4 37,400-67000/-रुपए के वेतनमान (पूर्व-संशोधित) अथवा समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की है (कृपया हां अथवा नहीं उल्लेख करें; ब्यौरा नीचे दी गई तालिका में दिया जाना है)

   (iii) पिछले 10 वर्षो में धारित पदों का ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया जाना चाहिए (वर्तमान पद बताते हुए)

| क्रम सं. | कार्यालय/संगठन का नाम, जहां नियोजित है | धारित पद | से | तक | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |

(iv) सेवा, प्रशासन, सतर्कता, स्थापना और वित्तीय मामलों को देखने संबंधी पिछले 10 वर्षों के अनुभव का ब्यौरा, निम्नलिखित तालिकानुसार दिया जाना चाहिए:

| पिछले 10 वर्षों में अनुभव-क्षेत्र | ड्यूटी की प्रकृति | अनुभव की अवधि | वह संगठन जिसमें संगत अनुभव प्राप्त किया गया |
|---|---|---|---|
| (क) प्रशासन<br>(ख) सतर्कता:<br>(ग) स्थापना:<br>(घ) वित्तीय मामले | | | |

9. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद हेतु अपने आवेदन के समर्थन में उल्लिखित करना चाहते हों:

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

दूरभाष सं. (एसटीडी कोड सहित)/मोबाइल नं.

कार्यालय का पता एवं कार्यालयी दूरभाष संख्या

निवास स्थान का पता:

तारीख

## (जांच सूची)

(i) प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा दिए गए विवरणों की उपलब्ध रिकॉर्ड से जांच कर ली गई है और ये सही पाए गए हैं।

(ii) प्रमाणित किया जाता है कि इस अधिकारी के विरूद्ध न तो कोई अनुशासनिक कार्यवाही/सतर्कता मामला लंबित है और न विचाराधीन है।

(iii) पिछले 10 वर्षों के दौरान दी गई सजा की सूची, यदि कोई हो, संलग्न है

(iv) सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

(v) अधिकारी का वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) डोजियर या इसके पिछले पांच वर्षों के अद्यतन डोजियर की साक्ष्यांकित प्रतियां, विधिवत साक्ष्यांकित, संलग्न

(vi) पिछले पांच वर्षों के दौरान वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन (एपीएआर) में ग्रेडिंग को इंगित करते हुए साक्ष्यांकित विवरण

| **एपीएआर ग्रेडिंग प्रपत्र** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अधिकारी का नाम** | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
| | | | | | |

(vii) प्रमाणित किया जाता है कि चयन होने की स्थिति में अधिकारी को तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

हस्ताक्षर ....................

अग्रेषित करने वाले अधिकारी का
नाम एवं पदनाम तथा मोहर एवं
टेलीफोन न. (एसटीडी कोड) एवं मोबाईल